—: कार्यबृत्त :—

प्रसार शिक्षा एवं प्रशिक्षण ब्यूरो, अनुभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाने से संबन्धित विभिन्न कार्यो हेतु आमंत्रित की जाने वाली ई—निविदा की शर्तो के सम्बन्ध में निविदा समिति की बैठक दिनांक 5.5.26 को अपर कृषि निदेशक,प्रसार उ0 प्र0 महोदया के कक्ष मे सम्पन्न हुयी जिसमें उपस्थिति निम्नवत रही है:—

1. अपर कृषि निदेशक प्रसार कृषि भवन लखनऊ — अध्यक्ष
2. वित नियंत्रक, कृषि भवन लखनऊ — सदस्य
3. निदेशक,मुद्रण एवं लेखन सामग्री द्वारा नामित प्रतिनिधि — सदस्य
4. संयुक्त कृषि निदेशक ब्यूरो लखनऊ — सदस्य

प्रसार शिक्षा एवं प्रशिक्षण ब्यूरो, अनुभाग के प्रदर्शनी लगाने से संबन्धित विभिन्न कार्यो हेतु निविदा समिति की बैठक में निविदा समिति के सदस्य/सचिव द्वारा निविदा की शर्तो,तकनीकी/वित्तीय निविदा प्रपत्र के मूल्य,धरोहर धनराशि/जमानती धनराशि आदि का विवरण निविदा समिति के समक्ष निम्नानुसार विचार विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया

## तकनीकी निविदा प्रपत्र—2026—2027

1—निविदा का शुल्क रू0— /—(रू0— 8,500.00) मात्र।
2—निविदा अपलोड होने का दिनांक—
3—निविदा ऑनलाइन भरने की तिथि व समय— दिनांक तक अपरान्ह 12:30 बजे।
4—तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय—दिनांक को अपरान्ह 2:00 बजे।
5—निविदा खोले जाने का स्थान—बैठक कक्ष, तृतीय तल (प्रसार) कृषि भवन, लखनऊ।

सेवा में,
संयुक्त कृषि निदेशक,
प्रसार शिक्षा एवं प्रशिक्षण ब्यूरो,
9, विश्वविद्यालय मार्ग,
लखनऊ।

महोदय,

समाचार पत्र में वर्ष 2026—2027 में आयोजित होने वाली प्रदर्शनी लगाने से संबन्धित विभिन्न कार्यो हेतु ई निविदा सूचना प्रकाशित कराई गयी है। मैने उसे एवं आपके कार्यालय की ई निविदा जो आनलाईन अपलोड की गई है, के नियम व शर्तो का भली भाँति अध्ययन कर लिया है। तद्नुसार उन्हें स्वीकार करते हुये आपकी नियम एवं शर्तो के अधीन मै निविदा प्रपत्र ऑनलाइन प्रस्तुत कर रहा हूँ।

| क्र0सं0 | विवरण | निविदादाता द्वारा भरा जायेगा |
|---|---|---|
| 1 | निविदादाता/फर्म/कम्पनी का नाम | |
| 2 | पंजीकृत प्रमाण—पत्र | |
| 3 | पत्राचार का पता | |
| 4 | अग्रिम धनराशि (अर्नेस्ट मनी डिपाजिट) के रूप में जमा बैंक ड्राफ्ट का नं0 एवं धनराशि | |
| 5 | निविदा सशर्त है या नहीं | |
| 6 | फर्म/कम्पनी के ब्लैक लिस्टेड न होने एवं उसके विरूद्ध आपराधिक मामला लम्बित न होने संबंधी शपथ—पत्र अपलोड है अथवा नहीं | |
| 7 | फर्म/कम्पनी के क्षेत्रीय कार्यालय का पता | |
| 8 | फर्म/कम्पनी का चालू खाता नम्बर व बैंक का नाम | |
| 9 | वाणिज्य कर विभाग द्वारा जारी जी.एस.टी.पंजीयन संख्या (छायाप्रति अपलोड करें) | |
| 10 | निविदा प्रपत्र शुल्क की रशीद की छायाप्रति अपलोड करें | |

| | | |
|---|---|---|
| 11 | श्रम विभाग द्वारा जारी पंजीयन सं0 (छायाप्रति अपलोड करें) | |
| 12 | सरकारी विभाग में कार्य करने का अनुभव प्रमाणपत्र की छायाप्रति अपलोड करें | |
| 13 | वर्षिक टर्नओवर की धनराशि (विगत तीन वर्षो की बैलेन्स सीट की छायाप्रति अपलोड करें) | |
| 14 | आयकर विभाग का पंजीयन की संख्या (पैन न0) व जमा आयकर रिटर्न की विगत तीन वर्षो की छायाप्रति अपलोड करें | |
| 15 | तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ अपलोड किए गए अभिलेखों की संख्या | |

**निविदादाता का डिजिटल हस्ताक्षर, नाम व फर्म का पूरा पता**

## (1) <u>योग्यता / पात्रता मापदण्ड ;Qualification/Eligibility Criteriya)</u>

**(i)**– निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाली निविदादाता एक साझेदारी फर्म जो भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के तहत पंजीकृत हो, एक कम्पनी जो भारतीय कम्पनी अधिनियम 1956 के तहत पंजीकृत हो एक सोसाइटी जो कि सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत हो अथवा एक प्रोपराइटरशिप फर्म जो भारतीय पंजीकरण अधिनियम 1908 के अंतर्गत पंजीकृत हो सकती है। जिनसे सम्बन्धित वैध (Valid) पंजीकृत प्रमाणपत्र की प्रति निविदा के साथ अपलोड की जायेगी।

**(ii)**– निविदादाता के पास वैध आयकर पंजीकरण एवं जी0एस0 टी0 पंजीयन होना चाहिए जिनकी पुष्टि हेतु पेन कार्ड एवं जी0एस0टी0 पंजीयन की प्रति निविदा के साथ अपलोड की जायेगी।

**(iii)**– निविदादाता ईकाई का पिछले तीन वित्तीय वर्षो (अर्थात 2023–2024, 2024–25 एवं 2025–26) का औसत वार्षिक टर्न ओवर रू0 20.00 (**बीस लाख**) मात्र होना अनिवार्य है जिनकी पुष्टि हेतु विगत दो वर्षो की चार्टड एकाउन्टेन्ट द्वारा ऑडिटेड बैलेन्स शीट की प्रमाणित प्रति एवं पिछले दो वित्तीय वर्षो का आयकर रिर्टन तकनीकी निविदा के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।

**(iv)**– निविदादाता ईकाई के पास राज्य / राष्टीय स्तर पर सरकारी विभागों / अर्द्व सरकारी संस्थाओं में विगत तीन वर्षो मे कम से कम किसी एक कार्य का रू0 10.00 **(दस लाख)** मात्र के समान प्रकृति के सफलतापूर्वक कार्य करने का अनुभव होना चाहिए। जो तकनीकी निविदा अपलोड की तिथि से पूर्व की तिथि में जारी किये गये हो निविदा के साथ अपलोड किया जायेगा।

**(v)**– निविदा में उन्ही ईकाइयों द्वारा प्रतिभाग किया जा सकता है जिन्हेः–

(A) किसी राज्य सरकार केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के किसी प्रतिष्ठान / अभिकरण के द्वारा कभी भी ब्लैक लिस्ट नही किया गया हो।

(B) निविदादाता को न तो कभी दिवालिया और न ही ऋण चुकाने में अक्षम घोषित किया गया हो।

(C) निविदादाता के विरूद्व किसी आपराधिक मामले में सिद्व दोष घोषित नही किया गया हो।

निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र में दी गयी शर्तो का समग्रता/निष्ठा से पालन किया जायेगा जिसे शपथ–पत्र में उल्लेखित किया जायेगा।

निविदादाता को उपरोक्तानुसार रू 100.00 के नॉन जुडिशियल स्टैम्प पेपर पर नोटरी शपथ पत्र तकनीकी निविदा के साथ अपलोड करना होगा।

**(vi)**–पूरी प्रदर्शनी अवधि चाहे वह जितने दिन के लिए हो, दरें वहीं रहेंगी। प्रदर्शनी की अवधि बढ़ने पर कोई अतिरिक्त भुगतान विभाग द्वारा नहीं किया जायेगा। प्रदर्शनी की अवधि में फ्रन्टेज की मजबूती एवं रंगरोगन आदि की देखभाल का पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित फर्म का होगा। किसी प्रकार की खराबी होने पर उसे तुरन्त ठीक करना होगा जिसके लिए किसी भी प्रकार का अतिरिक्त भुगतान देय न होगा। ऐसा न करने की दशा में कार्यक्षेत्र में उपलब्ध दूसरे ठेकेदार से कार्य कराया जा सकता है जिसकी प्रतिपूर्ति लम्बित बिल से अथवा जमानती धनराशि से कर ली जायेगी।

**(vii)**–फ्रन्टेज के निर्माण का कार्य तथा पण्डाल की अन्य प्रदर्शनी का कार्य संयुक्त कृषि निदेशक, ब्यूरो, लखनऊ अथवा नामित व्यक्ति के निरीक्षण में करना होगा। डिजाइन में आंशिक संशोधन/परिवर्तन, स्थल की सामायिक आवश्यकतानुसार करने का पूर्ण अधिकार प्रदर्शनी हेतु नामित अधिकारी / कर्मचारी का होगा, जिसके लिए किसी प्रकार का अतिरिक्त भुगतान देय न होगा।

**(viii)**–आदेशित स्थल पर प्रदर्शनी लगाने हेतु प्रदर्शनी की सामग्री की ढुलाई के लिए ट्रक तथा मजदूर आदि की व्यवस्था फर्म/कम्पनी को करनी होगी। प्रदर्शनी अवधि में फर्म/कम्पनी को दो कारीगर प्रदर्शनी स्थल पर रखना होगा, जिसका भुगतान फर्म/कम्पनी को करना होगा तथा मुख्य अतिथि के आगमन के समय फर्म/कम्पनी में नामित प्रतिनिधि या स्वंय की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

**(ix)**–प्रदर्शनी स्टाल के निर्माण में प्रयुक्त समस्त सामग्री सम्बन्धित को लगानी होगी। विभाग द्वारा केवल प्रचार–प्रसार सामग्री की विषयवस्तु उपलब्ध कराई जायेगी।

**(x)– स्टाल का कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व 3 डी डिजाईन का अनुमोदन विभाग के प्रतिनिधि से प्राप्त करना होगा,**

**(xi)**–फर्म/कम्पनी को श्रम विभाग से पंजीकृत होना अनिवार्य है, जिसकी छायाप्रति तकनीकी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।

(2)–निविदादाताओं हेतु निर्देशः–

**A. टेण्डर प्रपत्र का मूल्यः**–निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0–8,500 आठ हजार पॉच सौ मात्र जी.एस.टी.सहित होगा जो निर्धारित तिथि दिनांक से दिनांक तक अपरान्हन 12.30 बजे तक ट्रेजरी/बैंक में चालान के माध्यम से प्राप्ति लेखाशीर्षक–0401–फसल कृषि कर्म–00–800–अन्य प्राप्तियाँ–14– कृषि विभाग की अन्य प्राप्तियाँ मद में जमा करना होगा। निर्धारित अवधि के पश्चात जमा किया गया शुल्क स्वीकार नही होगा।

**B-** निविदा प्राप्त करने एवं निविदा खोलने की तिथि–निविदा प्रपत्रों को जमा/अपलोड करने की तिथि दिनांक से दिनांक को अपरान्ह 12.30 बजे के बाद कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी। निर्धारित तिथियों के अनुसार तकनीकी एवं वित्तीय निविदाताओं को निविदाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा के समय सारणी में कोई परिवर्तन किया जाता है तो यथा समय यथा विधि समस्त सम्बन्धित को इससे सूचित किया जायेगा।

(डा0 कनीज फातिमा)
(ए0के0 सिंह) अपर कृषि निदेशक (प्रसार)

C- **अर्नेस्ट मनी**–निविदादाता द्वारा निविदा को ई टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करते समय अर्नेस्ट मनी की धनराशि रू0– **49,000.00 (उन्चास हजार)** मात्र का राष्ट्रीयकृत अथवा अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राप्ट/एफडीआर/टी0डी0आर0/बैंकर्स चेक कृषि निदेशक उत्तर प्रदेश,के पदनाम से बंधक/देय होगा की छायाप्रति भी अपलोड करनी आवश्यक होगी जिनकी मूल प्रति निविदा समिति के समक्ष तकनीकी खुलने से पूर्व प्रस्तुत करनी होगी। असफल निविदाताओं के उनके लिखित अनुरोध पर उनकी ई0एम0डी0 की धनराशि तत्काल वापस कर दी जायेगी। उद्योग निदेशालय तथा एन0एस0आई0सी0 के साथ पंजीकृत लघु औद्योगिक इकाइयों एवं खादी ग्रामीण इण्डस्टीज, को आपरेटिव सोसाइटीज को अग्रिम धनराशि (अर्नेस्ट मनी डिपाजिट) जमा करने से छूट रहेगी तथा उद्योग निदेशालय तथा एन0एस0आई0सी0 एवं खादी ग्रामीण इण्डस्टीज,कोआपरेटिव सोसाइटीज द्वारा निर्गत पंजीकरण की छायाप्रति तकनीकी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य हैं।

D. **परफारमेन्स सिक्योरिटी**–स्वीकृत पत्र निर्गत किये जाने के पश्चात् 15 दिनों के अन्दर परफारमेन्स सिक्योरिटी जमा किये जाने और अनुबन्ध पत्र हस्ताक्षरित किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। परफारमेन्स सिक्योरिटी अनुबन्ध की धनराशि के 5 प्रतिशत के बराबर, निकटतम रू0 100.00 तक पूर्णांकित होंगी जो कृषि निदेशक उत्तर प्रदेश के पक्ष में देय होगी। अनुबन्ध के सभी दायित्वों के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के 30 दिन बाद निविदादाता के लिखित प्रार्थनापत्र देने पर परफारमेन्स सिक्योरिटी वापस की जायेगी। परफारमेन्स सिक्योरिटी पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नही होगा।

E. **निविदा के संलग्नक**–निविदादाता को निविदा के शर्तो के अनुरूप निम्नानुसार समस्त अभिलेख निविदा के साथ संलग्न/अपलोड करने होंगे। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अभिलेखों को संलग्न/अपलोड करते समय उनका परीक्षण कर लें अपूर्ण अभिलेख पाये जाने पर निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

(क) तकनीकी निविदा प्रारूप में दर्शाये गये समस्त आवश्यक अभिलेखो को अपलोड करना अनिवार्य होगा, साथ ही अपलोड अभिलेखों की हार्डकापी विभाग को तकनीकी निविदा खुलने की तिथि को उपलब्ध करानी होगी।

(ख) निविदादाता द्वारा ई–निविदा अपलोड करते समय निविदा प्रपत्र शुल्क की रसीद (चालान द्वारा जमा)की छायाप्रति भी अपलोड करनी होगी जिसकी मूल प्रति तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना होगा।

(ग)–निविदादाता द्वारा निविदा को ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करते समय अर्नेस्ट मनी की धनराशि रू0– **49,000.00 (उन्चास हजार)** का राष्ट्रीयकृत अथवा अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गन बैंक ड्राप्ट/एफ0डी0आर0/ टी0डी0आर0/बैंकर्स चेक की छायाप्रति भी अपलोड करनी होगी। जिसकी मूल प्रति तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना होगा।

(घ)–अर्हता से सम्बन्धित अभिलेख

1–फर्म/सोसाईटी/प्रोप्राइटरशिप के पंजीयन से सम्बन्धित अभिलेख (क्रमांक–1 (I)

2–जी0एस0टी0 पंजीयन एवं पैन कार्ड की प्रति (क्रमांक–1 (II)

3–साक्ष्य हेतु विगत दो वर्षो की प्रति चार्टड एकाउण्टेन्ट द्वारा आडिटेड बैलेन्स शीट की प्रमाणित प्रति एवं जमा किये गये आयकर रिटर्न की प्रति (क्रमांक–1 (III)

4–किसी अन्य विभाग/राजकीय संस्था में किये गये समान प्रकृति के कार्यदेश की प्रति एवं विभाग द्वारा सफलतापूर्वक कार्य पूर्ण किये जाने का प्रमाण पत्र (क्रमांक–1 (iv)

(धर्मेन्द्र कुमार सिंह)
सहायक निदेशक

(अवधेश कुमार)
वित्त एवं लेखाधिकारी

(ए0के0 सिंह)
संयुक्त कृषि निदेशक ... उत्तर प्रदेश

(डा0 कनीज फातिमा)
अपर कृषि निदेशक (प्रसार)

5–निविदादाता फर्म कम्पनी के विरूद्व किसी न्यायालय व अन्य अपराधिक वाद के लम्बित न होने तथा फर्म को ब्लैक लिस्ट न किये जाने के सम्बन्ध में रू0 100.00 के नॉन जुडिशियल स्टैम्प पेपर नोटरी शपथ पत्र अपलोड करते हुए तकनीकी लिफाफे में मूल रूप में प्रस्तुत करनी होगी।

(क्रमांक–1 (v)

6–उक्त के अतिरिक्त बिन्दु संख्या–1 योग्यता/पात्रता मापदण्ड के अन्तर्गत अन्य प्रमाण पत्र /अभिलेख जो आवश्यक हो अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।

(3) <u>तकनीकी निविदा की नियम व शर्तेः (अ).–सामान्य शर्ते</u>

**(i)**–निविदादाता द्वारा तकनीकी बिड निर्धारित प्रारूप पर संलग्न/अपलोड की जायेगी।

**(ii)**–निविदादाता द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि तकनीकी बिड पूर्णतयाः भर दी गयी है। अपूर्ण अभिलेख पाये जाने पर निविदा के संबन्ध में तकनीकी समिति द्वारा निर्णय लिया जायेगा।

**(iii)**–निविदादाता द्वारा अनुबन्ध की निर्धारित शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है।

**(iv)**–निविदादाता को निविदा प्रपत्र में दी गयी शर्तो का समग्रता/निष्ठा से पालन करना होगा।

**(v)**–विड सभी प्रकार से पूर्ण एवं शर्ते रहित होनी चाहिए। सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

**(vi)**–निविदादाताओं के मध्य व्यवासायिक समूहन(Cartelisation)का कोई संकेत नही होना चाहिए।

**(vii)**–निविदा खोलने की तिथि को यदि राजकीय अवकाश घोषित हो जाता है तो ऐसी स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

**(viii)**–निविदा अपलोड किये जाने की अन्तिम अवधि के पूर्व निविदा प्रपत्रों में आवश्यक संशोधन किये जाने का अधिकार कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश, को होगा। अतः निविदा में प्रतिभाग करने वाले निविदादाताओं के लिए आवश्यक होगा कि विभाग द्वारा निविदा प्रपत्र में किये गये संशोधन की जानकारी हेतु ई–टेण्डर की website: www.etender.up.nic.in को नियमित रूप से चेक करते रहे ताकि संशोधन की दशा में उनके द्वारा पूर्व में अपलोड किये गये निविदा प्रपत्रों में आवश्यक संशोधन कर पुनः अपलोड किया जा सके।

**(ix)**–निविदादाताओं द्वारा किसी भी प्रकार का भ्रष्ट व्यवहार, तथ्यों का छिपाव एवं गलत प्रकार से प्रस्तुतीकरण, किसी भी प्रकार का प्रलोभन आपत्ति जनक व्यवहार जो कि पारदार्शिता को प्रभावी करके प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से नही किया जाना चाहिए।

**(x)**–निविदा के साथ आवांछित प्रपत्र अपलोड न किये जाये।

**(xi)**–निविदा के साथ अपलोड़ किये गये सभी अभिलेख/प्रमाण पत्र केवल पी0डी0एफ0 **(PDF)** फारमेट पर होना चाहिए जो कि पठनीय हो।

**(xii)**– कृषि विभाग एवं निविदादाता के मध्य किसी प्रकार का विवाद होने की दशा में कृषि निदेशक उत्तर प्रदेश का निर्णय अंतिम होगा।

**(xiii)**– तकनीकी निविदा प्रपत्र योग्य पाये जाने पर ही वित्तीय निविदा प्रपत्र खोले जायेंगे। वित्तीय निविदा प्रपत्र खोलने की सूचना तकनीकी निविदा में सफल निविदादाता को पत्र/ई–मेल/दूरभाष के माध्यम से बाद में दी जायेगी।

**(xiv)**– स्वीकृत निविदा अनुबन्ध की तिथि से एक वर्ष के लिए मान्य होगी तथा विशेष परिस्थितियों में आगामी वित्तीय वर्ष में निविदा के स्वीकृत तिथि तक मान्य होगी।

**(ब)–विशिष्ट शर्तेः–**

**(i)** प्रो0/फर्म/कम्पनी का क्षेत्रीय कार्यालय निविदा स्वीकृति की तिथि से एक माह के अन्दर लखनऊ में स्थापित करना अनिवार्य होगा, । अन्यथा की स्थिति में स्वीकृत निविदा निरस्त करते हुए सम्बन्धित प्रो0/फर्म/कम्पनी की धरोहर धनराशि (अर्नेस्ट मनी) को जब्त करते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही की जायेगी। इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिर्वाय होगा।

**(ii)** वित्तीय निविदा प्रपत्र में यथा स्थान दर, जी0एस0टी0 व अन्य कर को भरना होगा।

**(iii)** सफल निविदादाता को नियमानुसार नान जुडिशियल स्टैंम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा। अनुबन्ध की अवधि स्वीकृत दर की वैद्यता की तिथि तक होगी।

**(iv)** निविदा की अवधि पूर्ण होने के 30 दिन बाद जमानती धनराशि (सिक्योरिटी डिपाजिट) वापस की जायेगी।

**(v)** निविदा प्रपत्र में यथासम्भव कोई कटिंग इत्यादि नही होनी चाहिए। यदि कटिंग है तो निविदादाता द्वारा कटिंग प्रमाणित होनी चाहिए।

**(vi)** वित्तीय निविदा प्रपत्र मे उल्लिखित धनराशि के अंको एवं शब्दो में अन्तर होने की स्थिति में शब्दो में अंकित धनराशि मान्य होगी।

**(vii)** तकनीकी निविदा के साथ अपलोड किये गये अभिलेखों की मूल प्रतियॉ आवश्यकतानुसार निविदा समिति परीक्षण कर सकती है।

**(viii)** निविदा के वित्तीय प्रपत्र में प्रदर्शनी लगाने एवं इवेन्ट कार्य करने से संबन्धित विभिन्न कार्यो को कराने हेतु अंकित मात्रा अनुमानित है आवश्यकतानुसार बढाया जा सकता है। विभाग द्वारा भुगतान वास्तविक कार्य के आधार पर देय होगा।

**(ix)** निविदा में अव्यवहारिक दरें प्राप्त होने की दशा में निविदा निरस्त की जा सकती है।

**(4)–तकनीकी निविदा का मूल्यांकन**–निविदा समिति के अध्यक्ष सदस्यों एवं निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष सर्वप्रथम तकनीकी निविदा को खोला जायेगा। तत्पश्चात् तकनीकी निविदा समिति की अनुशंसा पर पात्र निविदादाता की वित्तीय विड खोली जायेगी।

**(5)–वित्तीय निविदा–**

(i)–निविदाता द्वारा पृथक से निर्धारित प्रारूप पर वित्तीय निविदा संलग्न/अपलोड करनी होगी।

(ii)–वित्तीय निविदा में धनराशि अंकों में तथा शब्दों में अंकित की जायेगी। अंको एवं शब्दों में भिन्नता की स्थिति में शब्दों में अंकित धनराशि के अनुसार वित्तीय निविदा का मूल्यांकन किया जायेगा। जी.एस.टी. धनराशि पृथक से अकित न किये जाने की स्थिति में अंकित मूल्य को जी.एस.टी. सहित माना जायेगा।

(iii)–भविष्य में जी.एस.टी.दर मे परिवर्तन की स्थिति में भुगतान हेतु परिवर्तित दर को संज्ञान में लिया जायेगा।

**(6)–वित्तीय निविदा का मूल्यांकनः–**

(i)–निविदा समिति द्वारा प्रदर्शनी लगाने से संबन्धित विभिन्न कार्यो को कराने की न्यूनतम दर (एल–1) का निर्धारण निविदा में दिए गए मात्रा पर आंकलित करते हुए महायोग के आधार पर

किया जायेगा। वित्तीय निविदा प्रपत्र में क्रम संख्या 01 से 56 तक की प्रत्येक कार्य मदों में दर अंकित किया जाना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

(ii)–प्राप्त न्यूनतम दर को तकनीकी निविदा में योग्य पायी गयी फर्मो को स्वीकार करने का अवसर प्रदान किया जायेगा। न्यूनतम दर वाली फर्म एवं इस दर पर कार्य करने की इच्छुक तकनीकी निविदा में योग्य पायी गयी समस्त फर्मो को विभाग द्वारा इम्पैनल किया जायेगा।

(iii)–निविदाता द्वारा दरों के सम्बन्ध में किये गये किसी भी प्रकार के प्रत्यावेदन/अभ्यावेदन अथवा अनुरोध पर विचार नही किया जायेगा।

(7)–<u>दण्डः–</u>

(i)–यदि आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा अनुबन्ध शर्तो का उल्लंघन किया जाता है तो कृषि निदेशक, उ0प्र0 द्वारा सम्बन्धित आपूर्तिकर्ता फर्म की जमानत धनराशि **(Performance Security)** को जब्त करने निविदा में प्रतिभाग करने से निलम्बन ब्लैक लिस्ट, दण्डात्मक शुल्क आदि की कार्यवाही की जा सकती है।

(ii)– अनुबन्धित फर्म अनुबन्ध की अवधि के दौरान किसी भी राज्य सरकार केन्द्र सरकार अथवा राज्य/सरकार केन्द्र सरकार के किसी प्रतिष्ठान/अभिकरण के द्वारा ब्लैक लिस्ट कर दी जाती है तो ऐसी दशा में अनुबन्धित फर्म द्वारा 15 कार्य दिवस के भीतर इसकी लिखित सूचना विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी, जिसके क्रम में विभाग द्वारा गुण अवगुण के आधार पर निर्णय लिया जायेगा। यदि फर्म द्वारा निर्धारित कार्यावधि में ब्लैक लिस्ट की सूचना विभाग को उपलब्ध नही करायी जाती है तो विभाग द्वारा एक पक्षिय कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित आपूर्तिकर्ता फर्म की जमानत धनराशि **(Performance Security)** को जब्त करने निविदा में प्रतिभाग करने से निलम्बन ब्लैक लिस्ट दण्डात्मक शुल्क आदि की कार्यवाही की जा सकती है।

**(8)–<u>निरस्तीकरण–</u>**कृषि निदेशक, उ0प्र0 **के पास** बगैर कारण बताये निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**(9)–<u>न्यायिक क्षेत्र–</u>**निविदादाता एवं कृषि विभाग के मध्य विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र लखनऊ जनपद होगा।

**(10)–निविदा का अनुमानित मूल्य एवं <u>भुगतान की विधि–</u>**

(i)– आमंत्रित ई–निविदा का अनुमानित मूल्य रू0 49.00 लाख़ (उन्चास लाख़) मात्र है।

(ii)– आयकर/जी.एस.टी./टी.डी.एस. सरकार द्वारा निर्धारित अन्य कर की कटौती नियमानुसार बिल से की जाएगी।

(iii)– प्रदर्शनी लगाने से संबन्धित विभिन्न कार्यो को कराने हेतु कोई भी अग्रिम भुगतान विभाग द्वारा नही किया जायेगा। कार्य संतोषजनक न होने की स्थिति में बिल का भुगतान नही किया जायेगा। वित्तीय निविदा में दर्शायी गयी दरों के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का भुगतान अलग से नही किया जायेगा।

(धर्मेन्द्र कुमार सिंह)
सहायक निदेशक,
राजकीय मुद्रणालय, ऐशबाग
लखनऊ

(अवधेश कुमार)
वित्त एवं लेखाधिकारी
कृषि भवन लखनऊ

(ए0के0 सिंह)
संयुक्त कृषि निदेशक, ब्यूरो,
उत्तर प्रदेश

(डा0 कनीज फातिमा)
अपर कृषि निदेशक (प्रसार)
उत्तर प्रदेश

## Financial Bid - 2026-2027

**Installing Exhibition and Preparing the Exhibit**

1. Name of bidder's Firm/Comapny : ............................................................

2. Authorized person of the Company : ............................................................

3. Address of the Firm/Company : ............................................................

4. Telephone No. : Office : ................................................ Mobile : ......................................

Details for the Exhibition / Stall in Fare / Pandal Making works as per specification in Agricultural Department, Uttar Pradesh for the Financial year 2026-27, by the Bidder / Thekedar are as under :

| S. No. | Particulars of the work | Unit | Presumption Quantity | Rate Per Unit (In Words and Figure with GST) | Total Cost with GST |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Installing the Tin Shade, Walls and other works as on spot time | Per Sq. Ft. | 2000 Sq. Ft. | | |
| 2 | Frontage wooden button net with plywood, Designer preparing work, supported by wooden pillars (Balli), all joints sealed by superior puteen and painted & finished with attractive colours two coats of synthetic enamel paint. | Per Sq. Ft. | 5000 Sq. Ft. | | |
| 3. | After frontage, work of partition, pillars, cabin, T.V. Chanber, Counter, Platform of plywood in the Stall and other ply works, wooden button net plywood, Designer frontage preparing work, supported by wooden pillars (balli), all joints sealed by superior puteen and painted & finished with attractive true colours two coats of synthetic enamel paint and water coluees paint on respective time. | Per Sq. Ft. | 12000 Sq. Ft. | | |
| 4 | Wooden button net and roof of superior quality white / coloured clothes and other cloth works | Per Sq. Ft. | 4000 Sq. Ft. | | |
| 5. | Digital Display board in or outer of exhibition premises. | Per Sq. Ft. | 2000 Sq. Ft. | | |
| 6. | Work of decoration, different coloured flags of sotton cloth dimension of 1 meter on 1.5cm thick and 3cm long pipe the exhibition. | Per Pc. | 800 Pc. | | |
| 7. | Work of surface leveling before prepares the exhibition stall, in appropriate area. | Per Sq. Ft. | 2000 Sq. Ft. | | |
| 8. | Work of placing of new superior quality | Per Sq. Ft. | 8000 Sq. Ft. | | |

(धर्मेन्द्र कुमार सिंह) (अवधेश कुमार) (ए०के० सिंह) (डा० कनीज फातिमा)

| S. No. | Particulars of the work | Unit | Presumption Quantity | Rate Per Unit (In Words and Figure with GST) | Total Cost with GST |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | green / red/blue carpet inside and infront of exhibition stall. | | | | |
| 9. | Designer Flex work on frontage. | Per Sq. Ft. | 2000 Sq. Ft. | | |
| 10. | Preparing and installing of Vinayal sunboard Cut figure on exhibition place Height 6 feet | Per Pc. | 200 Pc. | | |
| 11 | LED Wall in Exhibition place with sound and other state or districts. | Par sq. Ft. par day | 1600 sq.Ft | | |
| 12 | Work of installation Plasma on rent with sound system | Per Item Per day | 10 | | |
| 13 | Tran slight board | Par sq. Ft. par day | 600 sq.Ft | | |
| 14 | Multi color Flex banner | Par sq. Ft. par day | 600 sq.Ft | | |
| 15 | Work of placing Hoarding in different places for exhibition/ Kisan fairs/ kisan sammelan etc. in U.P(all districts) | Per Sq. Ft. | 8000 Sq. Ft. | | |
| 16 | Mini board with wodden framing provided Matter and Photographs Department on 300 GSM Flex Back media/Star media with rectangular wodden framing in exhibition/ Kisan fairs and other place | Per Sq. Ft. | 5000 Sq. Ft. | | |
| 17 | Digital pasting chart with digital silver highlight print proof design | Per Sq. Ft. | 1200 Sq. Ft. | | |
| 18 | Alluminium box Fabric L.E.D Board | Per Sq. Ft. | 1200 Sq. Ft. | | |
| 19 | Clipon Trans light Board | Per Sq. Ft. | 1200 Sq. Ft. | | |
| | **Event** | | | | |
| | **Customized Stall** | | | | |
| 20 | **In door open roof stall as per design**<br>OUT of state(All States)/States up<br>Under State(all dist. In U.P.)<br>(2 no. Sofa 3 seater, with center table, reception counter, Additional counter for 2 person coffee machine, decoration with flower pot live, digital Display voard, Wall creation as per design theme based and Facial) | Per Sq. Ft. | 2000 Sq. Ft. | | |

(धर्मेन्द्र कुमार सिंह)
सहायक निदेशक,
राजकीय मुद्रणालय, ऐशबाग

(अवधेश कुमार)
वित्त एवं लेखाधिकारी
कृषि भवन लखनऊ

(ए०के० सिंह)
संयुक्त कृषि निदेशक, ब्यूरो,

(डा० कनीज फातिमा)
अपर कृषि निदेशक (प्रसार)
उत्तर प्रदेश

| S. No. | Particulars of the work | Unit | Presumption Quantity | Rate Per Unit (In Words and Figure with GST) | Total Cost with GST |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | **Tent Work** | | | | |
| 21 | Water Proof Pandal | Per Sq. Ft. Per day | 1500 Sq. Ft. | | |
| 22 | Pandal Plain | Per Sq. Ft. Per day | 1500 Sq. Ft. | | |
| 23 | The work of preparing the welcoming entrance gate of attractive flex | Per Sq. Ft. Per day | 200 Sq. Ft. | | |
| 24 | Work of installation of side wall curtain | Per Sq. Ft. Per day | 1500 Sq. Ft. | | |
| 25 | Table | Per Item Per day | 250 | | |
| 26 | Table Cover | Per Item Per day | 250 | | |
| 27 | Frill | Per Item Per day | 250 | | |
| 28 | Sofa set of superior quality with center table | Per Item Per day | 20 | | |
| 29 | V.I.P cushioned chair of steel pipe | Per Item Per day | 300 | | |
| 30 | Simple Plastic Chair | Per Item Per day | 500 | | |
| 31 | New V.I.P wooden chair with good quality towel | Per Item Per day | 20 | | |
| 32 | Bed Sheet,Mattress, Blanket, Pillow Set | Per set Per day | 10 set | | |
| 33 | Work of making Stage with wooden bed(takhat) | Per Sq. Ft. Per day | 100 | | |
| 34 | L.E.D Stage | Per Sq. Ft. Per day | 100 Sq. Ft. | | |
| 35 | Drum | Per Item Per day | 20 | | |
| 36 | Tube light 40 watt complete fitting | Per Item Per day | 30 | | |

(धर्मेन्द्र कुमार सिंह)
सहायक निदेशक
राजकीय मुद्रणालय, ...

(अवधेश कुमार)
वित्त एवं लेखाधिकारी
कृषि भवन लखनऊ

(ए०के० सिंह)
संयुक्त कृषि निदेशक, ब्यूरो,
उत्तर प्रदेश

(डा० कनीज़ फातिमा)
अपर कृषि निदेशक (प्रसार)
उत्तर प्रदेश

| S. No. | Particulars of the work | Unit | Presumption Quantity | Rate Per Unit (In Words and Figure with GST) | Total Cost with GST |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 37 | Halogen 500 watt | Per Item Per day | 30 | | |
| 38 | Pedestal fan | Per Item Per day | 30 | | |
| 39 | Ceiling fan | Per Item Per day | 30 | | |
| 40 | Complete Spot light | Per Item Per day | 30 | | |
| 41 | Main line connection with all necessary materials | Lump sum | 5 | | |
| 42 | Rent of 5 kilo watt generator | Per Item Per day | 15 | | |
| 43 | Rent of digital sound generator with 62.5 K.V.A | Per Item Per day | 5 | | |
| 44 | Cooler | Per Item Per day | 20 | | |
| 45 | Tower A.C | Per Item Per day | 5 | | |
| 46 | Connection of Electronic Devices | Lump sum | 1 | | |
| 47 | J.B.L sound system with podium | Per piece | 1 | | |
| 48 | Exhibition board 5-15 ampere | Per piece | 12 | | |
| 49 | Chandelier | Per piece | 12 | | |
| 50 | Tower type heater | Per piece | 10 | | |
| 51 | Speaker 250 watt | Per piece | 10 | | |
| 52 | Amplifier 250 watt | Per piece | 10 | | |
| 53 | Horn with Unit | Per piece | 10 | | |
| 54 | Mic with Stand and dyes | Per piece | 5 | | |
| 55 | Cordless Mic | Per piece | 10 | | |
| 56 | For different type of departmental important work | | | | |

(धर्मेन्द्र कुमार सिंह)
सहायक निदेशक,
राजकीय मुद्रणालय, ऐशबाग
लखनऊ

(अवधेश कुमार)
वित्त एवं लेखाधिकारी
कृषि भवन लखनऊ

(ए०के० सिंह)
संयुक्त कृषि निदेशक, ब्यूरो,
उत्तर प्रदेश

(डा० कनीज फातिमा)
कृषि निदेशक (प्रसार)
उत्तर प्रदेश

| S. No. | Particulars of the work | Unit | Presumption Quantity | Rate Per Unit (In Words and Figure with GST) | Total Cost with GST |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | a) Skilled labour | Per day | 10 | | |
| | b) Unskilled labour | Per day | 10 | | |
| | **grand total** | | | | |

Signature of Bidder and
Name of Firm with full address

(धर्मेन्द्र कुमार सिंह)
सहायक निदेशक,
राजकीय मुद्रणालय, ऐशबाग
लखनऊ

(अवधेश कुमार)
वित्त एवं लेखाधिकारी
कृषि भवन लखनऊ

(ए०के० सिंह)
संयुक्त कृषि निदेशक, ब्यूरो,
उत्तर प्रदेश

(डा० कनीज फातिमा)
अपर कृषि निदेशक (प्रसार)
उत्तर प्रदेश

Signature Not Verified

Digitally signed by RITESH RAJPUT
Date: 2026.05.15 16:33:39 IST
Location: Uttar Pradesh-UP